Title: Need for reconstruction of damaged railway bridge at Dhinauj between Patna and Mehsana in Gujarat and also provide better railway
services in the area. -Laid.

SHRI MAHESH KUMAR KANODIA(PATAN):

मेरे क्षेत्र उत्तर गुजरात में पाटाणा में बाढ़ का पानी आने के कारण कई रेल पटरियां टूट गई थी । पाटण से मेहसाणा के बीच धिणौज के पास वाला पुल टूट गया था, आज सात महीनें से अधिक समय हो गा लेकिन रेलवे का कोई अधिकारी इसे देखने के लिये नहीं आया । यह पुल टूटने के कारण क्षेत्र के लोगों को बहुत कठिनाई हो रही है और इस क्षेत्र से नौकरी पर जाने वाले लोग अपनी नौकरी के लिये नहीं जा पा रहे हैं । क्योंकि इस पुल के टूटने से प्रतिदिन का किराया बहुत ज्यादा पड़ रहा है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस पुल को तुरन्त बनाया जाये जिससे कि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके । पाटण एक प्रमुख शहर है । सिर्फ पाटण ही नहीं बल्कि मेहसाणा ताकंगा हिल ट्रेन सरकार ने बंद कर दी है, उसे जल्दी से जल्दी फिर शुरू किया जावे और साथ-साथ अबली या सण बीजपुर ट्रेन भी बंद है जिससे लोगों को बहुत परेशानी है । इसे पुनः आरम्भ किया जाये और पाटण कांसा भिलडी को भी जोड़ दें ताकि दिल्ली आने-जाने का रास्ता आसान हो जाये ।

उत्तर गुजरात की सभी ट्रेनों को आप शीघ्र अति शीघ्र पुनः आरम्भ करने की कृपा करेंगे और अहमदाबाद दिल्ली राजधानी जो सप्ताह में एक दिन चलती है, उसे सप्ताह में कम से कम ५ दिन चलाया जाये ।